an>

Title: Need to provide medical facilities to the patients suffering from kidney related diseases in Banda and Chitrakoot in Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र में किडनी, गुर्दे की बीमारी के हजारों मरीज हैं, लेकिन क्षेत्र में इसके इलाज हेतु कोई कारगर व्यवस्था नहीं है। लोगों के इलाज हेतु करीब 300 किलोमीटर से 400 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है। रोज पी.जी.आई. व एम्स में सैकड़ों लोगों की लाइन लगी रहती है, जहां उनको बेड नहीं मिल पाते हैं, न उनका डायलैसिस हो पा रहा है। लोग बहुत ही परेशान हैं। सरकार ने हर जिला केंद्रों पर डायलैसिस सेंटर खोलने हेतु पिछले बजट में प्रावधान किया था और राज्य सरकारों से मिलकर निर्देश दिए थे। अभी तक मेरे संसदीय क्षेत्र के बांदा या चित्रकूट जनपर के दोनों जिला अस्पतालों में ये सेंटर्स नहीं खुले हैं। आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा एवं चित्रकूट दोनों जिलों में यथाशीघ्र गुर्दे के इलाज हेतु कारगर व्यवस्था की जाए, जांच केंद्र खोल जाएं और डायलैसिस सेंटर्स यथाशीघ्र खुलवाकर मरीजों को लाभ देने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष :

श्री ओम बिरला,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री लखन लाल साहू को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।